# छत्तीसगढ़ में शिक्षा क्रांति, साय सरकार ने किया कमाल, हासिल की ये ऐतिहासिक उपलब्धि

रायपुर, 16 जून (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ राज्य ने शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए एक नया आयाम स्थापित किया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी नीति के चलते आज प्रदेश का प्राथमिक से लेकर हायर सेकण्डरी तक कोई भी स्कूल शिक्षक विहीन नहीं रह गया है.। राज्य की एकल शिक्षकीय शालाओं की संख्या में 80 प्रतिशत की कमी आई है।

यह परिवर्तन युक्तियुक्तकरण के माध्यम से संभव हो सका है, जिसका उद्देश्य राज्य के शैक्षणिक संसाधनों का न्यायसंगत उपयोग, शिक्षकों की तर्कसंगत पदस्थापना और शिक्षा के अधिकार अधिनियम व नई शिक्षा नीति की भावना के अनुरूप शालाओं में आवश्यकता के अनुरुप शिक्षकों की पदस्थापना रहा है। दरअसल, युक्तियुक्तकरण से पर्व प्रदेश में 453 विद्यालय शिक्षक विहीन और 5936 विद्यालयों में मात्र एक ही शिक्षक पदस्थ था.



विशेषकर सुकमा, नारायणपुर और बीजापुर जैसे दूरस्थ और संवेदनशील जिलों में यह समस्या अधिक थी।

### न्यूनतम आवश्यक शिक्षक नियुक्त

इस विसंगति को दूर करने के लिए राज्य सरकार ने जिला, संभाग और राज्य स्तर पर तीन चरणों में शिक्षकों की काउंसलिंग की प्रक्रिया चलाई। इसके परिणामस्वरूप, आज प्रदेश का कोई भी स्कूल शिक्षक विहीन नहीं है और सभी हाई स्कूलों में न्यूनतम आवश्यक शिक्षक नियुक्त किए जा चुके हैं।

### अब कोई बच्चा शिक्षक के बिना नहीं पढ़ेगा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने युक्ति-युक्तकरण के जरिये स्कूलों में शैक्षिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के प्रयास की सराहना करते हुए कहा, हमने यह ठान लिया था कि छत्तीसगढ़ में अब कोई बच्चा शिक्षक के बिना नहीं पढ़ेगा। युक्तियुक्तकरण के माध्यम से हम न केवल शिक्षा के अधिकार अधिनियम का पालन कर रहे हैं, बल्कि एक मजबूत और समान शिक्षा प्रणाली की नींव भी रख रहे हैं।

### नई नियुक्तियो और पदोन्नति से अतिरिक्त शिक्षक

मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह सिर्फ स्थानांतरण नहीं, यह शिक्षा में न्याय की पुनर्स्थापना है। एकल शिक्षकीय शालाओं की स्थिति में सुधार सरकार की प्राथमिकताओं में है और आगामी महीनों में पदोन्नति और नई नियुक्तियों के माध्यम से इन विद्यालयों में अतिरिक्त शिक्षक भेजे जाएंगे।

### 1207 स्कूलों पर ध्यान

राज्य सरकार अब उन 1207 प्राथमिक विद्यालयों पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जहां अभी भी एक शिक्षक है। इसके समाधान हेतु प्राथमिक शाला प्रधान पाठकों की पदोन्नति, शिक्षकों की पदस्थापना तथा भर्ती प्रक्रिया को प्राथमिकता देने की रणनीति बनाई गई है। जल्द ही आवश्यकता के अनुसार शिक्षकों की तैनाती की जाएगी।

राज्य में एकल शिक्षक वाले प्राथमिक विद्यालयों में बस्तर जिले में 283, बीजापुर 250,सुकमा 186,मोहला - मानपुर - चौकी 124,कोरबा 89, बलरामपुर 94,नारायणपुर 64,धमतरी 37,सूरजपुर 47,दंतेवाड़ा 11,अन्य जिले में मात्र 22 शालाएं है। इन शालाओं में जल्द ही आवश्यकता के अनुसार शिक्षकों की तैनाती की जाएगी।

# शाला प्रवेशोत्सव हेतु स्कूलों की साफ सफाई सहित अन्य आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

## नए शिक्षण सत्र में 01 जुलाई से स्कूलों में नाश्ता वितरण होगा प्रारम्भ

- स्कूलों में नाश्ता वितरण व गैस सिलेंडर की व्यवस्था हेतु नए प्रस्ताव प्रस्तुत करने किया निर्देशित
- -हाईकोर्ट के आदेशानुसार याचिका वाले सभी प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के आदेश
- शिक्षक रिक्तियों की सूची के आधार पर स्कूलों में अतिथि शिक्षकों/व्यख्याताओं की होगी व्यवस्था
- प्राइमरी से हाई स्कूल तक शिक्षकों की आवश्यकता की मांगी सूची

कोरबा, 16 जून (एजेंसी)। कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होंने विभागीय कामकाम की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को



आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर ने नए शिक्षण सत्र हेतु शाला प्रवेशोत्सव की तैयारियों की जानकारी लेते हुए विभागीय अधिकारियों को सभी स्कूलों की 16 जून से पूर्व साफसफाई सहित आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने शाला प्रवेशोत्सव के साथ ही आंगनबाड़ी से पहली बार शाला में प्रवेश लेने वाले बच्चों का जाति प्रमाण पत्र वितरित कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने शाला खुलने के पश्चात विद्यालयों में 01 जुलाई से नास्ता वितरण प्रारंभ कराने की बात कही। इस हेतु अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में आवश्यक तैयारियां पूरा करने के लिए कहा। साथ ही स्कूलों में नास्ता वितरण व गैस सिलेंडर की व्यवस्था हेतु नए प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने इस शिक्षण सत्र से स्कूलों में नास्ता एवं भोजन तैयार करने वाले रसोईयों का मानदेय में वृद्धि करते हुए 1000 रुपए प्रतिमाह प्रदान करने की बात कही।

बैठक में कलेक्टर ने जिले में हुए युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही के सम्बंध में जानकारी लेते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि हाईकोर्ट के आदेशानुसार याचिका वाले सभी प्रकरणों का निरीक्षण कर समिति से निराकरण सुनिश्चित करें। साथ ही शिक्षकों के अभ्यावेदन का भी पुनरीक्षण कर प्रकरण का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को जिले के प्राइमरी व मिडिल स्कूलों में दर्ज बच्चों की संख्या एवं हाई स्कूल में विषयवार शिक्षकों की नियुक्ति अनुसार शिक्षकों की रिक्त पद अनुरूप आवश्यकता वाले विद्यालयों की सूची यथाशीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिससे इन विद्यालयों में शिक्षण सत्र प्रारम्भ होने के साथ ही अतिथि शिक्षकों/व्यख्याताओं की व्यवस्था की जा सके।

कलेक्टर ने विगत शिक्षण सत्र 2024-25 की बोर्ड एवं अन्य कक्षाओं की परीक्षा परिणाम की समीक्षा करते हुए कमजोर परीक्षा फल वाले विद्यालयों की रिजल्ट में सुधार हेतु विशेष प्रयास करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने रायपुर के एलेन कोचिंग संस्थान में नीटध्जेईई प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए गए जिले के मेधावी छात्रों के पढ़ाई के संबंध में जानकारी लेते हुए छात्रों का समय पर शाला में प्रवेश पूर्ण कराने के लिए कहा।

उन्होंने जिले के विद्यालयों में विकसित किए जा रहे एस्ट्रॉनॉमी लैब का भी शीघ्रता से कार्य पूर्ण कराने की बात कही।

# 11.11 लाख पीपल वृक्ष लगायेंगे अशासकीय विद्यालयों में

कोरबा, 16 जून (दण्डकारण्य समाचार)। राज्य अशासकीय विद्यालय संघ ने 11 लाख 11 हजार 1 सौ 11 पीपल के वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। साथ ही सभी विद्यालयों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने एवं बच्चों को गौ आधारित जैविक खेती के लिए जागरूक करने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस पहल की सराहना की। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में पर्यावरण संरक्षण हेतु आयोजित कार्यक्रम- फाइट अगेंस्ट ग्लोबल वार्मिंग कैंपेन का उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया। मुख्यमंत्री ने अशासकीय विद्यालय संचालन संघ के पर्यावरण संरक्षण हेतु किये जाने वाले इस प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में राज्य के 2500 निजी विद्यालयों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इस कार्यक्रम के आयोजन कर्ताओं में कोरबा जिले से आर्यन पब्लिक स्कूल के संचालक एवं छत्तीसगढ़ राज्य अशासकीय विद्यालयों संचालन संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे एवं सहसचिव अक्षय दुबे विशेष रूप

# महापौर ने किया निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का शुभारंभ

कोरबा, 16 जून (एजेंसी)। जेसीआई कोरबा सेंट्रल एवं इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक के संयुक्त तत्वावधान में आरोग्य धाम, पॉली क्लिनिक, नया बस स्टैंड, टी.पी. नगर, कोरबा में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस जनकल्याणकारी शिविर का शुभारंभ कोरबा नगर निगम की महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने किया। अपने संबोधन में महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवा जैसे महत्त्वपूर्ण विषय पर ऐसा व्यापक और निरूशुल्क शिविर निश्चित ही जनहित में अत्यंत प्रशंसनीय कार्य है। इससे आम लोगों को विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श और उपचार का अवसर मिला है। उक्त शिविर में ईएनटी, दंत चिकित्सा, फिजियोथैरेपी, स्त्री रोग, शल्य चिकित्सा, नेत्र परीक्षण, ऑडियोलॉजी और जनरल मेडिसिन जैसी विविध




स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। शिविर में नागरिकों ने न सिर्फ स्वास्थ्य परीक्षण करवाया, बल्कि अनेक लोगों ने रक्तदान करके समाज सेवा में भी भागीदारी निभाई।

उक्त शिविर में डॉ. बी.बी. बोर्डे नाक, कान,गला विशेषज्ञ, डॉ. नितिन अग्रवाल दंत चिकित्सक, डॉ. शिखा लाम्बा फिजियोथैरेपिस्ट, डॉ. राहुल सिंह जनरल मेडिसिन, डॉ. यामिनी बोर्डे स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. पुष्पराज यादव नेत्र विशेषज्ञ, डॉ. अरुण श्रीवास्तव शल्य चिकित्सक, डॉ. ज्योति बाला श्रवण चिकित्सक ने अपनी सेवा प्रदान की। इस शिविर का आयोजन जेसीआई कोरबा सेंट्रल द्वारा किया गया था, जिसमें संगठन के पदाधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। उक्त शिविर को सफल बनाने जेसी सीए अभिषेक अग्रवाल अध्यक्ष, जेसी सीए मोरध्वज गर्ग सह-परियोजना निदेशक, जेसी प्रियंम अग्रवाल उपाध्यक्ष, जेसी अभय अग्रवाल निदेशक, जेसी निश्छल टमकोरिया परियोजना निदेशक, एचजीएफ सीए अंकित अग्रवाल सचिव, आयोजन टीम में शामिल रहे। उक्त शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया और इसे अत्यंत लाभकारी अनुभव बताया। आयोजकों ने भविष्य में भी इसी तरह के जनहितकारी शिविरों के आयोजन की बात कही।

# पत्रकारिता विश्वविद्यालय में मीडिया कोर्स में प्रवेश की तिथि घोषित

- छात्रों के लिए कैरियर गाइडेंस डेस्क की होगी स्थापना

रायपुर, 16 जून (एजेंसी)। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर में आज विभागाध्यक्षों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी शैक्षणिक सत्र की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता रायपुर संभागायुक्त एवं कुलपति महादेव कावरे ने की।

कुलपति श्री कावरे ने कहा कि मीडिया शिक्षा में व्यापक संभावनाएं हैं और विश्वविद्यालय न्यूनतम शुल्क में ग्रामीण एवं शहरी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने हेतु हेल्प डेस्क की स्थापना और मीडिया पाठ्यक्रमों के प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया के अधिकाधिक उपयोग पर बल दिया।

बैठक में प्रवेश समिति, शुल्क निर्धारण समिति एवं कक्षा व छात्रावास व्यवस्था के बेहतर संचालन के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही कुलपति ने विश्वविद्यालय में चल रहे सेमेस्टर परीक्षाओं का निरीक्षण भी किया। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीजी डिप्लोमा स्तर के मीडिया पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक पाठ्यक्रम में 40 सीटें निर्धारित हैं। प्रवेश प्रक्रिया में शासन के नियमानुसार आरक्षण एवं पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की सुविधा उपलब्ध होगी। प्रवेश के लिए मेरिट लिस्ट 30 जून 2025 को जारी की जाएगी एवं अंतिम तिथि 5 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। रिक्त सीटों हेतु दूसरी सूची 12 जुलाई 2025 को जारी की जाएगी। बैठक में अध्ययन संकाय के विभागाध्यक्ष पंकज नयन पाण्डेय, शैलेन्द्र खण्डेलवाल, डॉ. नृपेन्द्र कुमार शर्मा एवं डॉ. राजेन्द्र मोहंती ने अपने-अपने विभागों में प्रवेश से संबंधित गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की। इस अवसर पर कुलसचिव सुनील कुमार शर्मा, उप कुलसचिव सौरभ शर्मा, सहायक कुलसचिव डॉ. देवसिंह पाटिल, वित्त अधिकारी विनय राज ढीढ़ी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# सिकल सेल दिव्यांगता शिविर का आयोजन 23 से

गरियाबंद, 16 जून (एजेंसी)। जिले में 23 जून से विकासखंड स्तर पर सिकल सेल दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रमुखतः सिकल सेल द्विव्यांग प्रमाण पत्र बनाया जाएगा। साथ ही सिकल सेल के मरीजों का जांच, उपचार एवं आवश्यक सलाह दिया जाएगा। शिविर में अन्य प्रकार के द्विव्यांग प्रमाण पत्र भी बनाया जाएगा। सीएमएचओ गरियाबंद ने बताया कि शिविर का आयोजन समाज कल्याण विभाग से समन्वय करते हुए किया जायेगा। सभी जगह शिविर सुबह 9 बजे से लगेगी। उन्होंने बताया कि 23 जून 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरा में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 28 जून 2025 को जनपद पंचायत फिंगेश्वर, 30 जून को जिला अस्पताल गरियाबंद, 04 जुलाई को सामु. स्वा. केन्द्र - अमलीपदर एवं 05 जुलाई को उप स्वास्थ्य केन्द्र सीनापाली में शिविर लगाई जायेगी।

# पुटा में जल संरक्षण के लिए लोगों ने किया श्रमदान

कोरबा, 15 जून (एजेंसी)। ग्राम पंचायत पुटा में जल-संरक्षण और भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए लोग काम कर रहे है। उन्होंने तालाब गहरीकरण में सहयोग किया। ग्राम के मिलनमुड़ा तालाब में लोगों के निस्तारी के लिए बारहमासी पानी रहता था, किंतु गत वर्ष भारी बारिश से तालाब का मेढ़ फूट जाने से पानी बह गया और तालाब पूरी तरह सूख गया। बरसात के पानी को सहेजने के लिए बीते माह जनपद पंचायत द्वारा मनरेगा के तहत तालाब का गहरीकरण कराया गया, लेकिन पर्याप्त बजट नही मिलने के कारण गहरीकरण का काम अपेक्षाकृत नही हुआ। ऐसे में गांव के लोगो को निस्तारी कार्य के लिए पानी की समस्या से जूझना न पड़े, साथ ही बरसाती पानी को संरक्षित



किया जा सके, इसके लिए गांव के सरपंच दिलाराम नेताम ने ग्राम के लोगों के साथ बैठक की व तालाब के अपेक्षित गहरीकरण, विस्तार एवं पार बांधने के संबंध पर चर्चा करते हुए मदद मांगी। सामुदायिक प्रयास से जल संरक्षण और ग्रामीण विकास के इस महत्वपूर्ण कदम को लेकर ग्रामीणों ने कहा कि बरसाती पानी बहकर तालाब में इकत्र होता था, जो सालभर लोगों के निस्तारी काम आता था, पर पिछले साल हुए भारी बारिश से तालाब का मेढ़ फूट जाने से पूरा पानी बह गया और तालाब सूखा हो गया। रोजगार गारंटी योजना के तहत बीते माह तालाब का गहरीकरण कार्य तो हुआ पर उससे बारहमासी पानी का लाभ मिलना संभव नही लग रहा था, इसलिए श्रमदान कर तालाब का और गहरीकरण व उसके मेढ़ भराई के साथ ऊंचा करने का काम किया जा रहा है।

# युवा चिंतन शिविर में हुई कोरबा की भागीदारी

कोरबा, 16 जून (दण्डकारण्य समाचार)। अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से युवा चिंतन शिविर का आयोजन शांतिकुंज हरिद्वार उत्तराखंड में किया गया। छत्तीसगढ़ से 600 युवा परिजनों की भागीदारी इस शिविर में हुई। तीन दिन तक चले शिविर में युग निर्माण योजना के वैश्विक स्वरूप, समय दान, नारी सशक्तिकरण, लोक सेवियों के लिए दिशाबोध, नेतृत्व क्षमता का विकास, जन्म शताब्दी वर्ष और हमारे दायित्व विषयों पर मंथन हुआ। इन सत्रों में डॉ. चिन्मय पंड्या, सुदीना, डॉ. गोपाल शर्मा, डॉ. योगेन्द्र गिरी, ओपी राठौर, आशीष सिंह, केशव प्रसाद दुबे और सुखदेव निर्मलकर ने परिजनों को मार्गदर्शन दिया। शांति कुंज के मुख्य प्रवचन हाल में सुबह 8.30 से रात्रि 8.30 तक कई सत्र संपन्न किये गए। इस दौरान परिजनों ने यज्ञ, समाधि दर्शन और अखंड ज्योति का दर्शन भी

# पीएम सडक पर दौड़ रहे भारी वाहन, ट्रैफिक पुलिस ने लिया एक्शन

कोरबा, 16 जून (एजेंसी)। व्यापक जनहित को लेकर लोगों ने विभिन्न स्थानों पर मोर्चा खोलने शुरू कर दिया है और इसके नतीजे अब आसपास में ट्रांसपोर्टर लॉबी के द्वारा की जा रही मनमानी पर प्रशासन का एक्शन तेज हो गया है। भिलाई बाजार में ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट और ट्रैफिक पुलिस ज्वाइंट ऑपरेशन चलते हुए उन गाडियों पर कार्रवाई की जो नियम के विरुद्ध प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक पर दौड़ रहे थे। कोरबा जिले के सभी क्षेत्रों में अब इस प्रकार की कार्रवाई करने का ऐलान किया गया है। शनिवार को करतला विकासखंड के डोंगाआमा सालियाभाटा मार्ग पर ग्रामीणजनों ने चक्का जाम कर दिया था। उनका विरोध इस बात को लेकर था कि नेशनल हाईवे और भारतमाला का निर्माण कर रही भोपाल की दिलीप बिल्डकॉन के द्वारा ग्रामीण सडक को बर्बाद कर दिया गया है ।

# विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर सामाजिक संगठनों की भूमिका सराहनीय-राम सिंह अग्रवाल

कोरबा, 16 जून (एजेंसी)। जिला रेड क्रॉस सोसाइटी कोरबा के चेयरमेन राम सिंह अग्रवाल ने रेड क्रॉस सोसाइटी व सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में जिले के अनेक रक्तदान शिविरों में अपनी टीम की उपस्थिति दर्ज कराते हुए रक्तदान शिविर का जायजा लिया तथा सार्वजनिक उपक्रमों व सामाजिक संगठनों के द्वारा बढ़-चढ़कर रक्तदान शिविर आयोजन के साथ रक्तदान महादान में सैकड़ो सहभागियों ने अपना रक्तदान राष्ट्र के लिए समर्पित किया जिसकी रेड क्रॉस सोसाइटी ने भूरी भूरी प्रशंसा की।

सर्वप्रथम जिला चिकित्सालय कोरबा में रक्तदान शिविर उद्घाटन के अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन राम सिंह अग्रवाल ने अपनी टीम के साथ रक्तदान शिविर में कार्यरत डॉक्टरो, कर्मचारीयों तथा रक्तदाताओं का हाल-चाल जाना।सार्वजनिक उपक्रम एसईसीएल कोरबा पूर्व मुख्य चिकित्सालय में विशाल रक्तदान शिविर में रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन राम सिंह के नेतृत्व में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई जहां एसईसीएल कोरबा एरिया के महाप्रबंधक, मानिकपुर परियोजना के महाप्रबंधक, मुख्य चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सृष्टि महिला मंडल तथा एसईसीएल के सभी ट्रेड यूनियन के पदाधिकारी की उपस्थिति में बृहद रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया इस अवसर पर जिला रेड क्रॉस सोसाइटी ने उनके इस कार्य के लिए भूरी-भूरी प्रशंसा की।रेड क्रॉस सोसाइटी की टीम ने आरोग्यधाम पीली क्वीन, न्यू बस स्टैंड ट्रांसपोर्ट नगर में भी रक्तदान शिविर का निरीक्षण किया तथा कार्यों पर संतोष व्यक्त किया।

# कुएं में गिरे भारतीय नाग को रेस्क्यु टीम ने सुरक्षित बाहर निकाल जंगल में छोड़ा

कोरबा, 16 जून (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ का कोरबा जिले को नाग लोक बोलना गलत नहीं होगा, सांपों का बड़ी संख्या में मिलना साथ ही शहर के बड़े कारखाने से लेकर जिले के सभी सरकारी विभागों में सांप घुसने की सूचना आए दिन सामने आते रहती हैं, ज्यादा तर सांप रात के अंधेरे में चूहे की तलाश में घुस जाते हैं और छुप कर बैठ जाते हैं यही पर जाने अनजाने लोग सर्प दंश का शिकार हो जाते हैं साथ ही ऐसा कई बार हुआ हैं कि सांप भी मुसीबत में पड़ जाते हैं ऐसा ही एक घटना दादर से सामने आई हैं जहां एक भारतीय नाग कुएं में गिर गया था जिसको समय रहते बचा लिया गया जैसा ही गौतम पटेल नामक युवक ने वाइल्डलाइफरेस्क्यु टीम के प्रमुख जितेंद्र सारथी को इसकी जानकारी दी फौरन सारथी अपने टीम के साथ मौके स्थल पर पहुंचे और सुरक्षा सम्बन्धित चीजों को इकट्ठा कराया फिर आस पास के लोगों की मदद से पहले तो रस्सी को अपने कमर में बंधा और कुछ लोगों के द्वारा पकड़े रहने को कहा फिर सावधानी से कुएं के समीप जाकर बाल्टी की मदद से काफी मेहनत और समय के बाद बाहर निकाल पाने में सफल हुए जिसके बाद लोगो ने राहत भरी सांस ली।

# संभागायुक्त महादेव कावरे ने शाला प्रवेश उत्सव पूर्व विद्यालयों की तैयारियों का किया निरीक्षण

महासमुंद, 16 जून (एजेंसी)। रायपुर संभाग के संभागायुक्त महादेव कावरे द्वारा आज शाला प्रवेश उत्सव 2025 के पूर्व विद्यालयों की तैयारियों की जमीनी स्तर पर जायजा लेने हेतु बागबाहरा विकासखंड के विभिन्न शासकीय विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बकमा में पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता, पुस्तक स्कैनिंग की स्थिति, शिक्षकों की उपस्थिति, कक्षों एवं विद्यालय परिसर की साफ-सफाई संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। तत्पश्चात उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला कसेकेरा का निरीक्षण कर विद्यार्थियों को वितरित गणवेश, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, कक्ष में टीएलएम (शैक्षणिक सहायक सामग्री), 'जादुई पिटारा', एवं पेयजल व्यवस्था की स्थिति की जानकारी ली तथा गणवेश की गुणवत्ता का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर संतोष व्यक्त किया। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कसेकेरा में उन्होंने विद्यालय में संचालित प्रोजेक्ट कार्य, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, ऑडियो सिस्टम एवं किचन गार्डन की प्रगति की जानकारी प्रधान पाठक विजय शर्मा से प्राप्त की तथा विद्यालय की कार्यप्रणाली पर प्रसन्नता व्यक्त की।संभागायुक्त कावरे ने विद्यालयीन अधिकारियों को निर्देशित किया कि शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर विद्यार्थियों की अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित की जाए तथा सभी शालाओं में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाए।